

# सीएम ने मोरटक्का में नव वर्ष पर किए दर्शन

## किसान कल्याण और समाज सेवा पर दिया जोर

**खंडवा, 1 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव वर्ष के अवसर पर खंडवा जिले के मोरटक्का में नर्मदा नदी के तट पर स्थित राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की और उपस्थित नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं.**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है. मध्यप्रदेश में कृषि विकास की दर लगातार बढ़ रही है और इस वर्ष को प्रदेश सरकार ने किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है और मां नर्मदा की कृपा से प्रदेश की कृषि और समृद्धि लगातार बढ़ रही है. उन्होंने राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की. इस अवसर पर उन्होंने कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित मातृ एवं शिशु आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण आहार सामग्री वितरित की. मुख्यमंत्री ने न्यास द्वारा निर्माणाधीन वेद विद्यालय का भी अवलोकन किया और कन्या-पूजन कर बालिकाओं को उपहार प्रदान किए. इस दौरान खंडवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा महापौर अमृता अमर यादव, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.



### मुख्यमंत्री ने 2026 के कैलेंडर का किया विमोचन

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया. किसान कल्याण वर्ष 2026 को समर्पित यह कैलेंडर समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश थीम पर प्रकाशित किया गया है. मुख्यमंत्री ने कैलेंडर की बहुरंगी प्रस्तुति और विषय वस्तु की प्रशंसा की और कहा कि यह अधिकारी, कर्मचारी और प्रदेशवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा.

### एक नजर में

**गंदे पानी की समस्या को लेकर नगर निगम अलर्ट**

**ग्वालियर।** गंदे पानी की समस्या को गंभीरता से लें अधिकारी। जहां पर भी गंदे पानी की समस्या है तत्काल पानी की टेस्टिंग कराएं और समस्या का निराकरण करें। इस प्रकार की समस्या के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश निगमायुक्त संघप्रिय ने दिये। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने पीएचई एवं सीवरेज की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलकर वसूली में निर्धारित लक्ष्य की हर हाल में पूर्ति करें तथा पिछले वर्ष की वसूली से 15 प्रतिशत ज्यादा वसूली चाहिए। यदि किसी भी उपयंत्री या बिल क्लर्क द्वारा वसूली कार्य में लापरवाही की गई तो सभी के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी।

**डोंगर गांव में बाघ के हमले से बुजुर्ग किसान घायल**

**शिवपुरी.** मध्यप्रदेश में शिवपुरी जिले के सतनवाड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत माधव टाइगर रिजर्व से निकलकर ग्राम डोंगर में आज एक बाघ ने एक ग्रामीण पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही माधव टाइगर रिजर्व के संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल ग्रामीण को उपचार के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। माधव टाइगर रिजर्व के सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि आज सुबह डोंगर गांव निवासी बुजुर्ग किसान शिवलाल पाल (75) शौच के लिए गए थे, तभी अचानक एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया।



# प्रदेश में कोहरे और कड़ाके की ठंड का बोलबाला

**भोपाल, 1 जनवरी. मध्य प्रदेश में वर्ष 2025 का समापन बेहद ठंड और घने कोहरे के बीच हुआ, और नए साल 2026 की शुरुआत भी ठंड के साथ हुई है. उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण प्रदेश के कई जिलों में मौसम काफी सर्द बना हुआ है.**

बुधवार को ग्वालियर, दतिया, शहडोल, खजुराहो और सतना सहित कई जिलों में दिनभर घना कोहरा रहा. ग्वालियर और दतिया में सुबह साढ़े आठ बजे तक दृश्यता घटकर केवल 50 मीटर रह गई, जिससे सामान्य गतिविधियों पर असर पड़ा. एक हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने

**50 मीटर रह गई दृश्यता**

के कारण हवाओं में नमी बढ़ गई है. इसका असर रात और सुबह के समय कोहरे और धुंध के गहराने के रूप में दिख रहा है. अगले 24 घंटों में तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव संभव है, लेकिन ठंड से राहत के संकेत नहीं हैं. प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों में विशेष बदलाव नहीं हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान शहडोल और सागर संभाग के जिलों में 2.1एष्ट से 2.8एष्ट तक बढ़ा.

ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और श्योपुरकलां जिलों में कहीं-कहीं वर्षा या गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं. शेष जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा. मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतें और सुबह-शाम के समय घने कोहरे के कारण वाहन चलाते समय सतर्क रहें. कुल मिलाकर, मध्य प्रदेश का मौसम वर्तमान में अत्यधिक ठंड और कोहरे के प्रभाव में है, हल्की नमी और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ इसे और बढ़ा रहे हैं. आगामी 24-48 घंटों में स्थिति में कुछ हल्का बदलाव संभव है, लेकिन ठंड से राहत की संभावना कम ही दिखाई देती है.

### बदहाल हाइवे का होगा नवीनीकरण, 10 करोड़ की लागत से सुधरेगी सड़क

**धार.** जिले की सरदारपुर तहसील के अंतर्गत राजगढ़ से बाग तक का हाइवे मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है, लेकिन अब इस मार्ग की हालत सुधरने वाली है. करीब 50 किलोमीटर लंबे इस हाइवे पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे रोजाना आवाजाही करने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. खराब सड़क के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई थी और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी. मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए अब इसके नवीनीकरण का निर्णय लिया गया है.

# प्रयागराज में 13 ट्रेनों को अस्थायी ठहराव

**भोपाल, 1 जनवरी. माघ मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने 01 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली 13 ट्रेनों को प्रयागराज स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है.**



अस्थायी ठहराव वाली प्रमुख गाड़ियों में 20416 इंदौर-बनारस एक्सप्रेस (01.24 बजे), 12669 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस (02.28 बजे), 12165 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस (04.43 बजे), 22183 लोकमान्य तिलक-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस (04.44 बजे), 12539 यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस (05.23 बजे), 11055 गोदान एक्सप्रेस (09.03 बजे), 11059 छपरा एक्सप्रेस (09.03 बजे), 22103 लोकमान्य तिलक-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस (11.59 बजे), 22683 यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस (13.21 बजे), 11071 कामायनी एक्सप्रेस (16.28 बजे), 22584 लोकमान्य तिलक-छपरा अन्तोदय एक्सप्रेस (18.34 बजे), 22468 गांधीनगर कैपिटल-वाराणसी एक्सप्रेस (20.48 बजे) और 22613 रामेश्वर-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस (22.56 बजे) शामिल हैं. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यह ठहराव माघ मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए सुविधा प्रदान करेगा.

**बरवाड़ा स्टेशन पर ठहराव**

**भोपाल.** चौथ माता के मेले के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने 05 जनवरी से 08 जनवरी 2026 तक दो ट्रेनों को चौथ का बरवाड़ा स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है. इसके तहत गाड़ी संख्या 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर रेलसेवा 08 जनवरी को 09.03 बजे स्टेशन पहुंचेगी और 09.05 बजे प्रस्थान करेगी. वहीं गाड़ी संख्या 20846 बीकानेर-बिलासपुर रेलसेवा 06 जनवरी को 09.03 बजे आएगी और 09.05 बजे प्रस्थान करेगी.

# सोना-चांदी के लेनदेन की परछाई में उजड़ा जैन परिवार

**मंदसौर, ,1 जनवरी. शहर के गोल चौराहा क्षेत्र में हुए ट्रिपल मर्डर केस की जांच अब अहम चरण में पहुंच गई है. एक जैन परिवार के तीन सदस्यों की गोली मारकर हत्या के मामले में वायदा बाजार एवं सोना-चांदी के लेनदेन से जुड़े आर्थिक विवाद की परछाई सामने आ रही है.**



पुलिस की प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि इस जघन्य वारदात के पीछे सुनियोजित साजिश और वित्तीय लेनदेन का बड़ा मामला छिपा हो सकता है. मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी निमिष अग्रवाल गुरुवार को मंदसौर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली तथा पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अब तक की जांच प्रगति की समीक्षा की। डीआईजी ने अधिकारियों को साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ने और हर एंगल से गहन जांच करने के निर्देश दिए हैं।

# पटवारी ने भाजपा सरकार को घेरा

## आपराधिक लापरवाही के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 1 जनवरी. मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों और सैकड़ों लोगों के बीमार होने की घटना के लिए भाजपा सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है.**



उन्होंने इस त्रासदी को सरकार की घोर लापरवाही, संवेदनहीनता और सत्ता के अहंकार का परिणाम बताया. मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व सत्ता के नशे में चूर हो चुका है और जब पत्रकार जनता के सवाल उठाते हैं तो मंत्री उन्हें अपशब्द कहते हैं. उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि तानाशाही सोच का परिचायक है. पटवारी ने कहा कि इंदौर की जनता ने बार-बार भाजपा पर भरोसा जताया—सांसद, विधायक, महापौर और पूरा नगर निगम सौंपा लेकिन बदले में शहर को ज़हरीला पानी और मौतें मिलीं. उन्होंने दावा किया कि जहां 13 मौतों की खबरें सामने आ रही हैं.

**राजनीतिक नहीं, बल्कि मानवीय मुद्दा**

उन्होंने दोषी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों, जिनमें महापौर भी शामिल हैं, पर गैर-इरादतन हत्या के मामले दर्ज करने, तत्काल इस्तीफे लेने, प्रत्येक मृतक परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवज़ा देने तथा जवाबदेही तय करने के लिए एक सशक्त और स्वतंत्र प्रभारी मंत्री की नियुक्ति की मांग की. पटवारी ने स्पष्ट किया कि यह राजनीतिक नहीं, बल्कि मानवीय मुद्दा है और कांग्रेस पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी.

# नशे में क्रू मेंबर के साथ की बदतमीजी

## इंदौर एयरपोर्ट पर शराब के नशे में यात्री का हंगामा

**इंदौर, 1 जनवरी. इंदौर एयरपोर्ट पर शराब के नशे में यात्रियों द्वारा हंगामा करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. दो दिन के भीतर दूसरा मामला सामने आया है, जिसमें नशे में धुत एक पैसेंजर ने अन्य यात्रियों के साथ-साथ क्रू मेंबर के साथ भी बदतमीजी की.**

- यात्रियों द्वारा हंगामा करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही
- आरोपी ने अन्य यात्रियों को भी गालियां दी




एरोड्रम थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि क्रू मेंबर शिवम सांखला की शिकायत पर फ्लाइट नंबर 6331 में सवार पैसेंजर नरेशकुमार (पिता फकीरचंद, निवासी जम्मू-कश्मीर) के खिलाफ धारा 296 और 351 के तहत मामला दर्ज किया गया है. शिकायत के अनुसार, महिला पैसेंजर अंकिता दास ने बताया कि सीट नंबर 12ए पर बैठा नरेशकुमार शराब के नशे में उसके साथ बदतमीजी कर रहा था. क्रू मेंबर शिवम सांखला ने आरोपी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन नरेशकुमार ने उल्टे अन्य यात्रियों को गालियां दी और क्रू मेंबर को धमकाने लगा. स्थिति बिगड़ने पर मामले की शिकायत एरोड्रम थाने में की गई, और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. गौरतलब है कि दो दिन पहले भी इसी तरह का मामला सामने आया था, जिसमें हरियाणा निवासी पैसेंजर सुनील सिंह ने क्रू मेंबर के साथ बदतमीजी की और इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास किया था. लगातार सामने आ रही इस तरह की घटनाओं ने एयरपोर्ट की सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### बिजली लाइनों से दूर पतंग उड़ाने की अपील

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मकर संक्रांति के अवसर पर नागरिकों से सुरक्षित पतंगबाजी करने की अपील की है। प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंग और उसके धागे बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से टकराने पर फॉल्ट पैदा कर सकते हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पतंग में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची दोनों ही बिजली के लिए खतरनाक हैं। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि पतंगबाजी हमेशा लाइनों से दूर करें और बिजली के तारों में फंसी पतंग को स्वयं निकालने का प्रयास न करें।

# महाकाल मंदिर में डेढ़ किलोमीटर लंबी कतार

## देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचे

**उज्जैन, 1 जनवरी. नए साल 2026 के पहले दिन गुरुवार को उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में देशभर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. मंदिर के अंदर से लेकर बाहर तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी कतार लगी रही. कई घंटे प्रतीक्षा के बाद भी श्रद्धालु पीछे नहीं हटे और भगवान महाकाल के दर्शन कर ही लौटे.**



साल की शुभ शुरुआत के लिए श्रद्धालुओं ने महाकाल के साथ ही काल भैरव, मंगलनाथ, सिद्धवट, भर्तृहरि गुफा, सांदीपनि आश्रम और चिंतामन गणेश के दर्शन किए. मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि सुबह 11 बजे तक 85 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और दोपहर तक एक लाख का आंकड़ा पार हो गया. विशेष अवसर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख खिलाड़ी स्मृति मंधाना, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा और अन्य खिलाड़ियों के साथ ही दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद और बिहार सरकार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल समेत कई वीआईपी श्रद्धालु दर्शन के लिए आए.

भीड़ नियंत्रण के लिए पहली बार पुलिस प्रशासन ने ड्रोन और एआई सिस्टम का उपयोग किया. महाकाल मंदिर से 20 किलोमीटर तक के क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवाजाही का लाइव फीड कंट्रोल रूम में दिखाया गया, जिससे जाम, भीड़ बढ़ने और पैनिक जैसी स्थितियों पर तुरंत नियंत्रण किया गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह तकनीक सिंहस्थ 2028 में भी लागू की जाएगी. नववर्ष के पहले दिन महाकाल मंदिर में श्रद्धा, उत्साह और सुरक्षा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने आने वाले साल की शुरुआत को यादगार बना दिया.

**बैठक** | एमपी को विकसित राज्य बनाने के लिए विभागीय लक्ष्यों और कार्ययोजना पर जोर

# एमपी जल्द बनेगा विकसित राज्य : मुख्य सचिव

**भोपाल, 1 जनवरी. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरूवार को मंत्रालय वल्लभ भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर इस वित्तीय वर्ष और आगामी वर्षों के लिए विभागीय कार्ययोजना और लक्ष्यों पर विचार-विमर्श किया.**



श्री जैन ने सभी विभागों से अपेक्षा जताई कि वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन 2047 - विकसित भारत के अनुरूप मध्यप्रदेश के योगदान को सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन करें. जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के सिद्धांत अपनाते हुए आम आदमी के जीवन और व्यवसाय को आसान बनाने के लिए नियमों और कानूनों में आवश्यक सधार करें.

उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह में निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाए और अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मिशन मोड में कार्य योजना तैयार की जाए. इसके साथ ही अगले तीन वर्षों के लिए रोलिंग बजट लागू किया जाएगा, जिसमें गरीब, अन्नदाता, युवा और महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को अमल में लाया जाएगा. मुख्य सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश अग्रणी श्रेष्ठ पांच राज्यों में शामिल हुआ.

जैन ने आम जनता के हित में नवम्बर में शुरू किए गए एम.पी.ई सेवा ऐप को और प्रभावी बनाने और जनवरी तक 1200 तथा मार्च तक 1800 सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. उन्होंने अधिकारियों को अन्य राज्यों की सफल योजनाओं का अध्ययन कर उन्हें प्रदेश में लागू करने का भी निर्देश दिया. बैठक में जलसंसाधन विभाग की नदी-जोड़ो परियोजनाओं और 10 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई योजनाओं पर कार्य को प्राथमिकता दी गई. साथ ही सरकारी भवनों में सोलर पैनल लगाने के अभियान को भी तेज करने के निर्देश दिए गए. डीजीपी कैलाश मकवाना ने मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने में विभिन्न विभागों के सहयोग की सराहना की.

# नपा अध्यक्ष पर अविश्वास की साजिश फेल

**नौ पार्षदों ने पलटी मार कलेक्टर को सौंपा हलफनामा**

**अविश्वास प्रस्ताव की साजिश ध्वस्त**

**सिंगरौली, 1 जनवरी. नगर पालिक निगम सिंगरौली के अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में बड़ा उलटफेर हुआ है.**




नौ पार्षदों ने कलेक्टर के यहां शपथ पत्र देकर अविश्वास प्रस्ताव को वापस ले लिया, जिससे पार्षद अनिल कुमार बैस और पर्दे के पीछे सक्रिय महापौर रानी अग्रवाल को करारा झटका लगा है. गौरतलब है कि अक्टूबर 2025 से कांग्रेस, बसपा और आम आदमी पार्टी के पार्षद अध्यक्ष पाण्डेय के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे. तत्कालीन कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के समय में दो बार पार्षदों ने आवेदन दिया था. उनके स्थानांतरण के बाद नए कलेक्टर गौरव बैनल से भी तिथि तय करने की मांग की गई. इसी बीच कांग्रेस पार्षद अनिल बैस ने उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की. खंडपीठ ने कलेक्टर को 30 दिन के भीतर बैठक बुलाने के निर्देश दिए. 11 दिसंबर 2025 को एकल न्यायाधीश ने आदेश पारित किया, जिसे अध्यक्ष की ओर से चुनौती दी गई और सुनवाई तक स्थगित कर दिया गया. इस बीच नौ पार्षदों ने अचानक अविश्वास प्रस्ताव वापस लेने का हलफनामा कलेक्टर को सौंप दिया. इस कदम ने महापौर रानी अग्रवाल के राजनीतिक योजना पर भी पानी फेर दिया. भाजपा के अंदर 45 में से 23 पार्षद होने के बावजूद, महापौर को उम्मीद थी कि कांग्रेस और बसपा की मदद से प्रस्ताव सफल हो सकता है, लेकिन पार्षदों की चाल उल्टी पड़ गई. राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि यह कदम अध्यक्ष पाण्डेय पर दबाव बनाने के लिए किया गया था, लेकिन नौ पार्षदों की पलटी ने महापौर और अनिल बैस को राजनैतिक रूप से कमजोर कर दिया है.